हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 21 अक्टूबर 2026
सीहोर | भैरूंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

04 संपत्तियों की बाजार कीमत 64 करोड़ से अधिक आंकी, जमीनों का...



05 50 लाख रुपए की चोरी कर कब्रिस्तान में गाड़े, फिर भी पुलिस से...



खबर संक्षेप

36 क्विंटल गेहूं और 9 क्विंटल चावल का होगा आवंटन

सीहोर। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, द्वारा जारी आवंटन के अनुसार सीहोर जिले में दीनदयाल रसोई योजना के अंतर्गत नवंबर माह-2026 के लिए हितग्राहियों को पका हुआ भोजन प्रदान करने के लिये गेहूं एवं चावल का आवंटन किया गया है। खाद्य विभाग द्वारा जारी आवंटन के अनुसार सीहोर, आष्टा एवं बुधनी नगरीय निकायों को कुल 36 क्विंटल गेहूं और 9 क्विंटल चावल आवंटित किया गया है। इसमें प्रत्येक नगरीय निकाय को 12 क्विंटल गेहूं तथा 3 क्विंटल चावल मिलेगा। निर्धारित प्रावधानों के अनुसार गेहूं एवं चावल का प्रदाय एक रुपये प्रति किलोग्राम की दर से किया जाएगा।

अमानक कीटनाशक की बिक्री पर प्रतिबंध

सीहोर। खरीफ वर्ष 2026 में कीटनाशकों की गुणवत्ता जांच के दौरान कार्बेन्डाजिम 12 प्रतिशत + मैंकोजेब 63 प्रतिशत डब्ल्यूपी का नमूना अमानक पाया गया है। प्रयोगशाला से प्राप्त विश्लेषण रिपोर्ट के आधार पर उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, सीहोर ने संबंधित कीटनाशक के क्रय-विक्रय एवं स्थानांतरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है।

दशहरा मैदानों में राम-रावण युद्ध और आतिशबाजी रही मुख्य आकर्षण

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विजयादशमी का पर्व, धूं-धूं कर जला रावण का अहंकार

सुबह नीलकंठ पक्षी के दर्शन और घरों में गिलकी के भजियों का लिया गया आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक विजयादशमी का पावन पर्व मंगलवार को जिले भर में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय सहित जिले के प्रमुख नगरों एवं ग्रामीण अंचलों में रावण दहन देखने के लिए आमजनों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शाम होते ही जैसे ही श्रीराम के बाण से रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के विशाल पुतले धू-धू कर जले, पूरा परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

बता दें दशहरे के दिन जिले भर में परंपराओं का निर्वहन किया गया। सुबह की शुरुआत के साथ ही लोगों ने नीलकंठ पक्षी के दर्शन किए, जिसे दशहरा के दिन देखना अत्यंत शुभ माना जाता है। इसके साथ ही एक-दूसरे को शमी पत्ती देकर बड़ों का आशीर्वाद लिया गया और पर्व की बधाइयां दी गईं। जिले की परंपरा के अनुसार घरों में गिलकी के भजिए बनाए गए, जिनका स्वाद लिया गया।

राम-रावण युद्ध रहा आकर्षण का केंद्र

दशहरा मैदानों में रावण दहन से पूर्व भगवान श्रीराम और लंकापति रावण की सेनाओं के बीच प्रतीक युद्ध का सुंदर मंचन किया गया। कई स्थानों पर श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रसंगों की मनमोहक झांकियां निकाली गईं। रावण दहन के ठीक पहले हुई रंग-बिरंगी आतिशबाजी ने पूरे आसमान को सतरंगी रोशनी से सराबोर कर दिया, जिसे देखने के लिए लोग रात तक मैदानों में डटे रहे।



जले 40 से 71 फीट तक के पुतले

जिला मुख्यालय सहित आष्टा, जावर, कोठरी, मेहतवाड़ा, इछावर, बिलकिसगंज, श्यामपुर, रेहटी, बुधनी, भैरुंदा, शाहगंज और लाडकुई सति अंचलों में विजयादशमी का भव्य आयोजन हुआ। हिंदू उत्सव समितियों और दशहरा उत्सव समितियों द्वारा 40 से लेकर 71 फीट ऊंचे रावण के पुतले तैयार करवाए गए थे। जिला मुख्यालय स्थित प्रसिद्ध बाल विहार मैदान, गंज दशहरा मैदान, मंडी स्थित मैदान, सीवन नदी चौराहा और कस्बे में रावण दहन किया गया। छावनी बाल विहार मैदान में छावनी दशहरा उत्सव समिति द्वारा 51 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया।

आष्टा में 71 फीट का रावण दहन

आष्टा के नया दशहरा मैदान में दशहरा उत्सव समिति द्वारा जिले का सबसे ऊंचा यानी 71 फीट का विशालकाय रावण पुतला बनाया गया, जिसका दहन देखने के लिए विशाल जनसैलाब उमड़ा। जावर में वार्ड क्रमांक 03, लंकापुरी में हिंदू उत्सव समिति द्वारा 52 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया। भैरुंदा में नवापारायण समिति द्वारा 66 वर्षों से आयोजित दशहरा मैदान में 42 फीट ऊंचे पुतले का दहन किया गया। गांधी चौक से निकली झांकियां और राम-जानकी जुलूस आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा।

बुधनी में 128 साल पुरानी परम्परा का निर्वहन

बुधनी के दशहरा मैदान में 128 साल पुरानी परंपरा को निभाते हुए 41 फीट का रावण जलाया गया, वहीं रेहटी कृषि उपज मंडी में 129 वर्षों से आयोजित उत्सव में 43 फीट के रावण का दहन हुआ। शाहगंज नई बस्ती स्थित दशहरा मैदान में 100 वर्ष पुरानी परंपरा के अनुसार 41 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया।

प्रशासन और पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था

दशहरा पर्व के शांतिपूर्ण और सुचारू संचालन के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सभी प्रमुख मैदानों पर सुरक्षा बल तैनात रहे तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए रूट डायवर्जन की व्यवस्था की गई, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।

'बेटियों से दुराचार करने वालों में रावण प्रवृत्ति' शिवराज बोले- नशे के खिलाफ लड़ाई जरूरी दशहरे पर रील बनाकर दिया संदेश

सीहोर। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विजयादशमी पर बेटियों के साथ दुराचार की घटनाओं और नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि बेटियों के साथ दुराचार करने वालों में रावण की प्रवृत्ति है। ऐसी घटनाएं मन को इतना व्यथित करती हैं कि उन्हें शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। दशहरे पर एक रील के जरिए संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि समाज को बेटियों के सम्मान में और नशे के खिलाफ भी लड़ना होगा।



शिवराज ने विजयादशमी के अवसर पर वाहनों का पूजन भी किया। उन्होंने कहा कि देश पूरे उमंग और उत्साह के साथ बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय का पर्व मना रहा है। आज फिर रावण के पुतले जलेंगे, लेकिन उनके मन में बार-बार सवाल आता है कि रावण तो हर बार जलाते हैं, लेकिन क्या बुराइयां भी पूरी तरह जल पाती हैं?

मां, बहन और बेटी का सम्मान करें : शिवराज ने कहा कि बेटियों के साथ होने वाली घटनाओं को रोकना ही वास्तव में बुराई रूपी रावण का अंत करना है। उन्होंने सवाल उठाया कि बेटियों का सदैव सम्मान क्यों नहीं हो सकता और ऐसी घटनाओं को पूरी तरह समाप्त क्यों नहीं किया जा सकता?

उन्होंने कहा कि इसके लिए जरूरी है कि हम मां, बहन और बेटी का सम्मान करें। विजयादशमी का संदेश केवल रावण के पुतले जलाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि समाज में मौजूद बुराइयों को भी खत्म करना चाहिए। शिवराज ने देशवासियों, भाइयों-बहनों और भांजे-भांजियों को विजय पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सभी लोग सन्मार्ग पर चलें और हमेशा अच्छाई का साथ दें। अच्छाई का प्रतीक भगवान राम हैं, जबकि बुराई रावण है। इसलिए सभी को बुराइयों से दूर रहना चाहिए।

नशे को बताया रावण जैसी बुराई

केंद्रीय मंत्री ने नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि नशा नाश की जड़ है। देश के बाहर की कई ताकतें भी भारत और यहां के युवाओं को कमजोर करने के लिए तरह-तरह के नशे भेजने की कोशिश करती हैं। उन्होंने नशे की प्रवृत्ति को भी रावण जैसी बुराई बताते हुए कहा कि समाज को नशे रूपी रावण का अंत करना होगा। शिवराज ने कहा कि बेटियों का सम्मान और नशे जैसी बुराइयों का खात्मा जरूरी है। तभी विजयादशमी के पर्व के पीछे भारतीय चिंतकों और समाज की जो भावना है, वह सही अर्थों में पूरी हो सकेगी। उन्होंने कामना की कि मां की कृपा और आशीर्वाद सभी पर बना रहे। लोग सुखी हों, आगे बढ़ें और देश की प्रगति में योगदान दें।

फ्रीगंज में ढोल-ढमाकों के साथ जवारों का विसर्जन, सूर्यवंशी समाज ने चल समारोह के साथ निभाई प्राचीन बुंदेलखंडी परंपरा



सीहोर। फ्रीगंज क्षेत्र में बुंदेलखंड की प्राचीन परंपरा के अनुसार सूर्यवंशी समाज ने जवारों का चल समारोह निकाला।

पारंपरिक ढोल-ढमाकों की गूंज के बीच समाज के लोग टाउन हॉल स्थित विसर्जन घाट पहुंचे, जहां विधि-विधान से जवारों का विसर्जन किया गया। समारोह में पुरुष, महिलाएं और युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए।

संस्कृति से जुड़ी रहती है युवा पीढ़ी : समाज के वरिष्ठ नागरिक राजेश सूर्यवंशी ने बताया कि फ्रीगंज में कई सालों से बुंदेलखंडी परंपराओं का पालन किया जा रहा है। समाज अपनी संस्कृति को सहेजने के लिए इन रीति-रिवाजों को निभाता है, ताकि युवा पीढ़ी भी अपनी जड़ों से जुड़ी रहे।

सभी प्रमुख त्योहार बुंदेलखंडी रीति-रिवाजों से मनाते हैं : राजेश सूर्यवंशी ने बताया कि समाज में जवारे विसर्जन के अलावा होली, रक्षाबंधन, भुजरिया और भाई दूज जैसे प्रमुख त्योहार भी बुंदेलखंड की पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार मनाए जाते हैं। चल समारोह में श्रद्धालु ढोल की थाप पर थिरकते हुए उत्साह के साथ विसर्जन घाट पहुंचे।

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने किया शस्त्र और वाहनों का पूजन

कलेक्टर -एसपी सहित अन्य अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने की शस्त्र एवं वाहनों की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दशहरे के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने शस्त्रों एवं वाहनों का पूजन किया और प्रदेश एवं देश में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

इसके साथ ही नागरिकों को दशहरे की शुभकामनाएं दीं। राजस्व मंत्री श्री वर्मा के साथ ही जिला भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, कलेक्टर बालागुरू के, एसपी सोनाक्षी सक्सेना ने शस्त्र एवं वाहनो का पूजन किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह पर्व हमें जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाने और कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने की प्रेरणा देता है। शस्त्र पूजन भारतीय संस्कृति की विशेष परंपरा है, जो आत्मरक्षा और वीरता के महत्व को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि हमें अपने कर्तव्यों के साथ समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। इस अवसर पर एएसपी प्रशांत चौबे, एसडीएम तन्मय वर्मा, सन्नी गौरव महाजन सहित अनेक जनप्रतिनिधी एवं अधिकारी कर्मचारी नागरिक उपस्थित रहे।





कुबेरेश्वरधाम में 25 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जाएगा शरद पूर्णिमा महोत्सव

श्री मुरली मनोहर मंदिर में होगा दिव्य श्रृंगार और चंद्र दर्शन राधा नाम संकीर्तन के बाद सजेगा डांडिया महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित श्री मुरली मनोहर मंदिर, कुबेरेश्वरधाम में आगामी 25 अक्टूबर, रविवार को शरद पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सान्निध्य में विठलेश सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस एक दिवसीय महोत्सव में भगवान श्री मुरली मनोहर का दिव्य श्रृंगार, चंद्र दर्शन, राधा नाम संकीर्तन और डांडिया महोत्सव आकर्षण का केंद्र रहेंगे। महोत्सव के अंतर्गत रात्रि सात बजे भगवान श्री मुरली मनोहर का दिव्य श्रृंगार एवं चंद्र खीर के दर्शन होंगे। इसके बाद शाम 7:30 बजे से रात नौ बजे तक राधा नाम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। रात नौ बजे से डांडिया महोत्सव होगा, जिसमें श्रद्धालु भक्ति और उत्साह के साथ सहभागिता करेंगे।

कुबेरेश्वरधाम में हाल ही में नवरात्रि का पर्व भी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान देर शाम अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में भव्य आरती हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य सेवाभावी लोगों ने प्रसादी वितरण में सहयोग किया। इस अवसर पर पंडित प्रदीप मिश्रा ने क्षेत्रवासियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विजयादशमी अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। यह पर्व नारी शक्ति के सम्मान और सामाजिक समरसता का संदेश भी देता है।





नवरात्रि शक्ति, संयम, सेवा और सकारात्मक संकल्पों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा देती है। उन्होंने सभी के जीवन में सुख, शांति, आरोग्य और समृद्धि की कामना की। विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि पवित्र कंकर-शंकर की भूमि कुबेरेश्वरधाम स्थित श्री मुरली मनोहर मंदिर में शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर भव्य एवं दिव्य महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। श्रद्धालुओं को भगवान श्री मुरली मनोहर के मनमोहक श्रृंगार और चंद्र दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त होगा। धार्मिक आयोजनों के माध्यम से वातावरण भक्तिमय बनाया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं से महोत्सव में शामिल होकर भगवान श्री मुरली मनोहर के दर्शन करने तथा राधा नाम संकीर्तन में सहभागिता करने की अपील की। शरद पूर्णिमा महोत्सव के दौरान भगवान श्री मुरली मनोहर के दिव्य दर्शन, राधा नाम संकीर्तन और डांडिया महोत्सव के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति और आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति होगी। विठलेश सेवा समिति द्वारा आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। समिति ने श्रद्धालुओं से महोत्सव में पहुंचकर धार्मिक कार्यक्रमों का लाभ लेने का आह्वान किया है।

दोस्तों में धाक जमाने, गेमिंग और ड्रोन के लिए घर में चोरी, 6.55 लाख के सोने-चांदी के जेवर बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दोस्तों के बीच हाई स्टेटस दिखाने, ऑनलाइन गेमिंग में निवेश करने और ड्रोन खरीदने के लिए रुपए जुटाने की चाह में नाबालिग ने घर से ही सोने-चांदी के जेवर चुरा लिए। मंडी थाना पुलिस ने उसके घर से करीब 6 लाख 55 हजार रुपए कीमत के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, नाबालिग नशा भी करता है।

पुलिस के मुताबिक, 15 अक्टूबर को फरियादी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। फरियादी की मां 6 अक्टूबर को मायके ग्राम छापरीकलां गई थीं। उन्होंने सोने का तिमन्या और अन्य आभूषण गोदरेज की अलमारी में रखे थे। बाद में अलमारी का ताला टूटा मिला और तिमन्या व तीन सोने के टॉप्स गायब थे। जांच के दौरान पूछताछ में नाबालिग ने बुआ के सोने के जेवर के साथ मां का चांदी का करोंदा (करदोना) और दादी के चांदी के कड़े चुराने की बात भी बताई। पुलिस ने उसके घर से एक सोने का तिमन्या, तीन टॉप्स, चांदी के कड़े, करोंदा और एक नेल कटर बरामद किया। सीएसपी डॉ. अभिनंदना शर्मा के अनुसार, नाबालिग दोस्तों में धाक जमाना चाहता था और इसी के लिए पैसों की जरूरत में चोरी की।

सोयाबीन किसानों की पंजीयन अवधि 24 अक्टूबर तक बढ़ाई

सीहोर। राज्य शासन ने किसानों के व्यापक हित में ई-उपार्जन पोर्टल पर सोयाबीन के पंजीयन की अवधि 24 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। भारत सरकार की भावांतर योजना में खरीफ 2026 में ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन की अवधि 3 से 17 अक्टूबर तक निर्धारित थी। इस संबंध में सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिये गये हैं। उन्हें पंजीकृत कृषकों का सत्यापन भी इस अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

खबर संक्षेप



आरएसआई ने सीहोर मिनी बाइज को 2-3 से हराया

सीहोर। शहर के चर्च मैदान पर जारी ब्लाक स्तरीय जूनियर फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में किया जा रहा है। सोमवार की शाम को एक शानदार मुकाबला देखने को मिला। खराब मौसम के मध्य में भी खिलाड़ियों ने अभ्यास किया और बारिश की बौछारों के मध्य मैच खेला। इस कांटे के मुकाबले में आरएसआई टीम ने सीहोर मिनी बाइज को 3-2 से हराया। इस मैच में आरएसआई की ओर से जतिन, युवराज और आलोक ने 1-1 गोल किया। इस मौके पर एसोसिएशन के सचिव आनंद उपाध्याय सहित अन्य सीनियर खिलाड़ियों ने यहां पर मौजूद खिलाड़ियों को खेल की बारीकियों से अवगत किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शाम को खेले गए मैच में आरएसआई टीम ने अंतिम समय पर 3-0 से जीत हासिल की। इस मुकाबले में सीहोर मिनी बाइज की ओर से राजवीर-अग्रिम ने 1-1 गोल किया, वहीं आरएसआई सीहोर की ओर से जतिन, युवराज और आलोक ने 1-1 गोल किया।

लोकायुक्त की जांच में अब तक प्रआ फिरोज खान की अचल संपत्तियों का खुलासा

संपत्तियों की बाजार कीमत 64 करोड़ से अधिक आंकी, जमीनों का सत्यापन जारी

14 अक्टूबर को फिरोज खान के ठिकानों पर हुई थी। लोकयुक्त की छापेमार कार्रवाई, संपतियों की जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, इंदौर में पदस्थ प्रधान आरक्षक चालक फिरोज खान के निवास और अन्य ठिकानों पर लोकायुक्त की सर्च कार्रवाई के बाद संपत्तियों को लेकर नए तथ्य सामने आए हैं। 14 अक्टूबर को इंदौर उज्जैन लोकयुक्त की संयुक्त छापेमार कार्रवाई फिरोज खान के इंदौर और देवास ठिकानो पर की गई थी। 19 अक्टूबर 2026 तक की जांच में आरोपी द्वारा स्वयं, परिवार, सहयोगियों और फर्म के नाम पर कुल 46 अचल संपत्तियां खरीदे जाने की जानकारी सामने आई है। लोकायुक्त के अनुसार, अब तक चल-अचल संपत्तियों पर कुल 18 करोड़ 79 लाख 79 हजार 531 रुपये खर्च किए जाने का पता चला है। वहीं, इन अचल संपत्तियों की गाइडलाइन कीमत करीब 17 करोड़ 19 लाख रुपये और वर्तमान बाजार कीमत 64 करोड़ 1 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है।

रंगवासा, लसूड़िया में जमीनों की जानकारी

लोकायुक्त की जांच में पूर्व से ज्ञात संपत्तियों के अतिरिक्त इंदौर जिले की तहसील देपालपुर के ग्राम रंगवासा में कृषि भूमि के कई सौदों की जानकारी मिली है। दस्तावेजों के अनुसार, वर्ष 2023 और 2024 में अलग-अलग तारीखों पर यहां करीब 0.202 से 0.203 हेक्टेयर क्षेत्रफल वाली कृषि भूमि के कई टुकड़े खरीदे गए। इन जमीनों की बताई गई गाइडलाइन कीमत अलग-अलग है।ढइसके अलावा जुलाई 2024 में ग्राम लसूड़िया मोरी, वार्ड क्रमांक 35 में रेड कारपेट के पीछे स्थित 11.7710 हेक्टेयर कृषि भूमि की जानकारी भी सामने आई है। लोकायुक्त के अनुसार, इस जमीन की गाइडलाइन कीमत 3 करोड़ 85 लाख रुपये है।

पत्नी और सहयोगी के नाम से खरीदी जमीनें

जांच में सामने आया है कि उक्त जमीनें स्पार्कवेव रियलिटी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम से खरीदी गईं। लोकायुक्त के मुताबिक, यह फर्म आरोपी की पत्नी हिना खान और इंदौर निवासी युवराज पंवार के संयुक्त नाम से संचालित होना पाई गई है। फर्म के कारोबार और संपत्तियों से संबंधित अतिरिक्त जानकारी जुटाई जा रही है। इन संपत्तियों के संबंध में दस्तावेजों का सत्यापन भी जारी है। लोकायुक्त पुलिस ने 14 अक्टूबर 2026 को प्रधान आरक्षक चालक फिरोज खान के विभिन्न आवासों और अन्य ठिकानों पर सर्च कार्रवाई की थी। यह कार्रवाई लोकायुक्त के महानिदेशक योगेश देशमुख के निर्देशन तथा उप पुलिस महानिरीक्षक मनोज कुमार सिंह और इंदौर लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय के मार्गदर्शन में की गई थी। लोकायुक्त की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, जांच में संपत्तियों के क्रय पर हुए खर्च, उनकी गाइडलाइन कीमत और वर्तमान बाजार मूल्य का आंकलन किया गया है।

खेत में काम कर रहे मां-बेटे पर गिरी आकाशीय बिजली

बेटे की मौत, मां गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले के पांदा जागीर गांव में सोमवार दोपहर खेत पर काम कर रहे मां-बेटे आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। हादसे में 25 वर्षीय बेटे शिवम की मौत हो गई, जबकि उसकी मां निर्मला बाई (35) गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद शिवम को मृत घोषित कर दिया। वहीं, निर्मला बाई की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए इंदौर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, पांदा जागीर गांव में सोमवार दोपहर मां निर्मला बाई और उनका बेटा शिवम खेत पर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरने से दोनों उसकी चपेट में आ गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजन और ग्रामीण दोनों को तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने शिवम का परीक्षण किया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल निर्मला बाई को डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार दिया। उनकी हालत गंभीर होने के कारण उन्हें आगे के उपचार के लिए इंदौर भेजा गया है। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। खेत में काम के दौरान हुए इस हादसे से गांव में भी दुख की लहर है।

जिला और ब्लॉक स्तर पर मिलेंगे पुरस्कार

देवास। कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम आत्मा के अंतर्गत वर्ष 25-26 के सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए आवेदन 21 अक्टूबर तक आमंत्रित किए गए हैं। परियोजना संचालक कमलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि उन्नत कृषि तकनीक, नवाचार, बेहतर उपज एवं उत्पादकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कृषकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

नव ज्योति संगठन के नवरात्रि महोत्सव का पूर्णाहुति और विशाल भंडारे के साथ समापन, खाटू श्याम भजन गायकों सहित अन्य प्रतिभाओं का किया सम्मान



सीहोर। शहर के छावनी क्षेत्र स्थित नमक चौराहे पर नव ज्योति संगठन के तत्वावधान में आयोजित नौ दिवसीय नवरात्रि महोत्सव का समापन पूर्णाहुति और विशाल भंडारे के साथ हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन-पूजन कर धर्मलाभ लिया। आयोजन में खाटू श्याम भजन गायक अखिलेश माहेश्वरी, उत्कृष्ट अग्रवाल और संतोष राठौर सहित अन्य लोगों का सम्मान किया गया।

नवरात्रि के पावन अवसर पर संगठन की ओर से नौ दिनों तक विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। महोत्सव के पहले दिन उज्जैन की तर्ज पर माता रानी की महाआरती की गई। इसके बाद प्रतिदिन देवी का विशेष अलौकिक श्रृंगार, पूजन और आरती की गई। साथ ही सुंदरकांड पाठ और खाटू श्याम भजन संध्या जैसे कार्यक्रमों ने भक्तिमय वातावरण बनाया।

नवरात्रि महोत्सव के अंतिम दिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना और पूर्णाहुति की गई। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। आयोजन के दौरान भजन गायकों और सहयोगियों का सम्मान कर उनके योगदान की सराहना की गई। नव ज्योति संगठन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि नमक चौराहे पर नव ज्योति संगठन द्वारा वर्ष 1960 से लगातार नवरात्रि के अवसर पर माता रानी की आरती और पूजन की परंपरा निभाई जा रही है। हर साल श्रद्धालु उत्साह और श्रद्धा के साथ आयोजन में शामिल होते हैं। संगठन का उद्देश्य धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाने के साथ समाज में भक्ति, सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करना है। संगठन की ओर से कार्यक्रम के दौरान नव ज्योति संगठन के अध्यक्ष हिमांशु सोनी, कार्यक्रम अध्यक्ष वंश पचौरी, उपाध्यक्ष अंशुल ताम्रकार, कोषाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, सचिव गणेशा जयपुरिया, संगठन मंत्री राघव अग्रवाल और साज-सज्जा प्रभारी चंदन चौरसिया सहित अन्य पदाधिकारियों ने सहयोग किया।

आईईएस पब्लिक स्कूल सीहोर के गरबा महोत्सव का आयोजन

आईईएस के बच्चों से लेकर उनके पैरेंट्स ने किया गरबा और डांडिया





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नवरात्रि के पावन पर्व पर आईईएस पब्लिक स्कूल सीहोर द्वारा सभी सीहोरवासियों के लिए गरबा महोत्सव का आयोजन आईईएस कैम्पस में किया गया। आईईएस स्कूल द्वारा अजोजित गरबा महोत्सव का शुभारंभ डॉ. सुनीता सिंह, चेयरपर्सन, आईईएस पब्लिक स्कूल, भोपाल एवं सीहोर द्वारा दीप प्रवालन कर किया गया। छात्रो ने गरवे के लिए पारंपरिक पोशाक पहने और डांडिया की ताल पर नृत्य किया। महोत्सव मे लगभग 800 से आधिक प्रतिभागियो ने ढोल और दंडिया हिट्स पे साथ में गरबा किया।

गरबा महोत्सव के लिए आईईएस पब्लिक स्कूल के छात्रो द्वारा बनाए गए दीये, टॉरन्स और अन्य रचनात्मक सजावटी वस्तुओं से युक्त परिसर में एक विशेष कला प्रदर्शनी भी लगाई। अंत में प्रोफ (डॉ) सुनीता सिंह, चेयरपर्सन, आईईएस पब्लिक स्कूल ने गरबा समारोह में गरबा एवं डँड़िया के विजेता प्रतिभागियो को पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया गया साथ ही आए हुये सभी आतिथिओ, छात्रो के माता पिता एवं सभी शहरवासियो का आभार व्यक्त किया एवं बताया के छात्रों को विभिन्न भारतीय त्यौहारों और जीवन में इसके महत्व के बारे में जानने के लिए, इस तरह के कार्यक्रमों और समारोहों को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है।

मंडी में 500 क्विं. सोयाबीन भीगा, सूखे के संकट से गेहूं का रकबा घटा, दलहन का 42% बढ़ा



सीहोर। इस साल जिले में औसत से 191.7 मिलीमीटर कम बारिश होने के कारण रबी सीजन 2026-27 के कृषि गणित में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। पानी की किल्लत को देखते हुए कृषि विभाग ने रणनीति बदलते हुए गेहूं जैसी अधिक सिंचाई वाली फसल का रकबा घटाने और कम पानी की आवश्यकता वाली दलहनी फसलों चना और मसूर की बोवनी बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस बीच सोमवार दोपहर हुई 5.5 मिमी अचानक बारिश के दो अलग-अलग प्रभाव सामने आए हैं। एक तरफ इसने किसानों के चेहरे पर बोवनी की उम्मीदें जगाई हैं, वहीं दूसरी तरफ मंडी में रखे सोयाबीन को भिगोकर व्यापारियों को भारी नुकसान पहुंचाया है।

सोमवार को मंडी बंद रहने के बावजूद व्यापारियों द्वारा पूर्व में खरीदी गई उपज, जो दुकानों के बाहर ढेरों और बोरों में खुले में रखी थी, दोपहर की अचानक तेज बारिश में पूरी तरह भीग गई। मंडी में अवकाश होने के कारण व्यापारी नहीं थे, जिससे उपज को बचाया नहीं जा सका। अनुमान के मुताबिक करीब 500 क्विंटल से अधिक सोयाबीन के भीगने से व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। बारिश के फायदेः प्रति हेक्टेयर 2000 रुपए की बचत, सिंचाई का पानी बचा सीहोर शहर के आसपास और बिलकिसगंज तक हुई तेज बारिश से गांवों में बोवनी के लिए जो सिंचाई की जानी थी, उसका पानी बच गया है। बिलकिसगंज के किसान संतोष परमार ने बताया कि इस बारिश से किसानों को सिंचाई पर जो खर्च करना था वह बच गया। प्रति हेक्टेयर रिलाई और मजदूरों का खर्च 2 हजार रुपए हो जाता है, जिसकी सीधी बचत हो गई है। यहीं के किसान अशोक विश्वकर्मा ने बताया कि यह बारिश काफी फायदेमंद है। जो किसान सिंचाई के अभाव में बोवनी नहीं कर पा रहे थे, वे भी अब आसानी से बोवनी कर सकेंगे।

6 महीने से नए गैस कनेक्शन पर ब्रेक 18 एजेंसियों पर 5 हजार आवेदन पेंडिंग

सीहोर। जिले में नए घरेलू गैस कनेक्शन जारी नहीं होने से उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ रही है। मार्च से जिले की 18 गैस एजेंसियों पर नए कनेक्शन की प्रक्रिया रुकी हुई है। एजेंसियों के अनुसार, करीब 5 हजार आवेदन लंबित हैं। हर महीने एक हजार नए कनेक्शन के आवेदन आने का दावा किया जा रहा है। पोर्टल पर सुविधा बंद होने से परिवार अलग होने, नए घर में शिफ्ट होने और पहली बार गैस कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है।

कनेक्शन नहीं मिलने पर कुछ उपभोक्ता 10 किलो का कंपोजिट सिलेंडर खरीद रहे हैं। इसके लिए उन्हें करीब 1677 रुपए चुकाने पड़ रहे हैं, जबकि 14.2 किलो के सामान्य घरेलू सिलेंडर की कीमत 970 रुपए बताई गई है। यानी 4.2 किलो कम गैस के लिए 707 रुपए ज्यादा खर्च करने पड़ रहे हैं। वहीं, जिले में करीब 6 हजार कनेक्शन केवाईसी नहीं होने के कारण बंद होने की जानकारी भी सामने आई है। गैस एजेंसी संचालकों के अनुसार, नए कनेक्शन जारी करने की सुविधा स्थानीय स्तर पर बंद नहीं की गई है। तेल कंपनियों के पोर्टल पर सुविधा उपलब्ध नहीं होने से प्रक्रिया रुकी हुई है। नए कनेक्शन कब शुरू होंगे, इसे लेकर दिशा-निर्देश नहीं मिले हैं। 3 एजेंसियों पर 58 हजार से ज्यादा कनेक्शन जिले में करीब 1.91 लाख गैस कनेक्शन बताए जा रहे हैं। इनमें लगभग 1.21 लाख सामान्य और 70 हजार उज्ज्वला कनेक्शन शामिल हैं। अकेले सीहोर शहर की तीन एजेंसियों पर 58 हजार से ज्यादा कनेक्शन हैं। नए कनेक्शन के लिए एजेंसियों पर पहुंच रहे उपभोक्ताओं को पोर्टल बंद होने की जानकारी देकर लौटाया जा रहा है। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी रवि के अनुसार, वे तीन महीने से एजेंसी के चक्कर लगा रहे हैं। अब रिश्तेदारों और परिचितों की मदद से रसोई के लिए सिलेंडर की व्यवस्था करनी पड़ रही है।

आरक्षण को लेकर ओबीसी महासभा ने आयोजित की पत्रकार वार्ता

आंदोलन की रूपरेखा व ओबीसी वर्ग के साथ किए गए अन्याय को लेकर अपना पक्ष रखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आरक्षण मुद्दे को लेकर कोर्ट के निराशाजनक फैसले और प्रदेश सरकार के ठंडे रवैया के बाद ओबीसी महासभा ने प्रदेश स्तर पर आंदोलन करने का फैसला कर लिया है। रविवार को इन्हीं मुद्दों को लेकर ओबीसी महासभा ने निजी होटल में पत्रकार वार्ता आयोजित की। ओबीसी महासभा के जिला अध्यक्ष श्याम सिंह मीणा, भोपाल संभाग अध्यक्ष चांद सिंह मेवाड़ा अपाक्स संगठन जिलाध्यक्ष कमल कीर ने पत्रकारों के समक्ष आंदोलन की रूपरेखा और भाजपा सरकार के द्वारा ओबीसी वर्ग के साथ किए गए अन्याय को लेकर अपना पक्ष रखा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आह्वान पर ओबीसी महासभा मंत्रालय पहुंची थी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से चर्चा की गई लेकिन कोई भी सकारात्मक नतीजा नहीं निकला। मध्य प्रदेश सरकार की मंशा है कि ओबीसी महासभा 27% आरक्षण को लेकर कोई भी धरना प्रदर्शन आंदोलन नहीं करें। देश के सभी राज्यों में ओबीसी को 27% से अधिक आरक्षण प्राप्त है लेकिन मध्य प्रदेश में केवल 14% आरक्षण दिया जा रहा है। निराशाजनक बात यह है कि कोर्ट ओबीसी वर्ग के खिलाफ ही फैसला सुना रहा है। बीते 80 सालों से पिछड़े वर्ग को लगातार गुमराह किया जा रहा है। अब ओबीसी महासभा चुप नहीं बैठेगा। ओबीसी में 6000 से अधिक जातियां सम्मिलित है और मध्य प्रदेश में 52% ओबीसी वर्ग की आबादी है। संख्या भारी है इसके बाद भी आरक्षण में हिस्सेदारी नाम मात्र की है। भाजपा बीते 25 सालों से प्रदेश की सत्ता में है। कांग्रेस के कमलनाथ को छोड़कर 18 सालों से प्रदेश में ओबीसी का मुख्यमंत्री है लेकिन फिर भी ओबीसी वर्ग को न्याय नहीं मिला है। ओबीसी महासभा का आंदोलन अब किसी भी स्थिति में रुकेगा नहीं। तहसील जिला संभाग और प्रदेश लेवल पर यह आंदोलन 28 तारीख से विभिन्न चरणों में शुरू किया जा रहा है।

20 श्रद्धालुओं ने यज्ञ में दीं आहुतियां



सीहोर। बिलकिसगंज-झागरिया स्थित सिद्ध मंदिर मां महिषासुर मर्दिनी दरबार में शारदीय नवरात्रि की नवमी पर सोमवार को हवन-यज्ञ, श्रृंगार आरती और कन्या भोज के साथ नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठानों का समापन हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 20 श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर माता की पूजा-अर्चना की। पंडित देवेंद्र शर्मा ने विधि-विधान से हवन-यज्ञ संपन्न कराया। हवन के बाद मां महिषासुर मर्दिनी की श्रृंगार आरती की गई। इसके बाद कन्या भोज में कन्याओं को भोजन कराया गया। नवमी पर श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। नवरात्रि के नौ दिनों तक मंदिर में भक्तों की आवाजाही बनी रही।

विजयादशमी खास: यहां स्थित है सूर्पणखा और मंदोदरी सहित रावण का पूरा परिवार

मध्यप्रदेश में अनूठा मामला, पंचायत ने स्वयं बनवा दिया रावण परिवार का स्थाई चबूतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

शायद ही मध्यप्रदेश या देश का कोई राज्य होगा जहां रावण की बहन सूर्पणखा या उनकी पत्नी मंदोधरी का कोई स्थाई स्मारक किसी पंचायत ने बनाया होगा। पर, राजगढ़ जिले की एक ग्राम पंचायत में यह सब चरितार्थ होते दिखाया है। पंचायत ने पूरे रावण के परिवार जिसमें कुंभकरण, मेघनाद, रावण निर्माण स्थाई रूप से करवाया है। हम बात कर रहे हैं राजगढ़ जिले की ग्राम पंचायत किला अमरगढ़ की। यहां के सरपंच गजराज तंवर ने करीब 3 साल पहले एक पक्के चबूतरे पर पूरे रावण परिवार का निर्माण करवाया है। इसमें अकेले सिर्फ सरपंच की भूमिका नहीं है। पूरा गांव यह चाहता था था कि रावण का परिवार बने।

यह है रावण के परिवार को बनाने का कारण

जब हरिभूमि इस बात की तह तक पहुंचा तो कारण पारंपपरिक समझ में आया। किला अमरगढ़ के वर्तमान जागीरदार जयसिंहजी के पुर्वजों ने उन्हें कहा था कि परंपरा का पालन करना है। उसी परंपरा का पालन करते हुए वर्तमान सरपंच गजराज तंवर ने स्थाई रूप से रावण परिवार का निर्माण करवा दिया।



3 जिलों की सीमाएं मिलती हैं इस ग्राम पंचायत से

आपको बताते चलें कि किला अमरगढ़ ग्राम पंचायत से न केवल राजगढ़ जिला बल्कि गुना जिला और राजस्थान के झालावाड़ जिले की सीमाएं भी बिल्कुल 100 मीटर से ज्यादा दूर भी नहीं हैं। इस पंचायत से घोड़ापछाड़ नदी गुजर रहीं है।

विभीषण शामिल नहीं है इस रावण परिवार में

इस पूरे रावण परिवार में दशानन के छोटे भाई विभीषण सम्मिलित नहीं हैं। इसका, कारण बुजुर्गों द्वारा यह बताया जा रहा है कि जो अपने भाई का सगा नहीं हुआ उसकी प्रतिमा हमनें निर्मित नहीं करवाई।

इनका कहना है...

इस पूरे ब्राहाण के सबसे बड़े शिव का भक्त के परिवार का निर्माण करवाना क्या गलत है। बुजुर्गों की परंपरा का पालन मैं करता आ रहा हूं।

जय सिंह, जागीरदार, किला अमरगढ़, राजगढ़

मेरे जन्म के पहले से परंपरा चली आ रही है। जो यहां के राजाओं, जागीरदारों ने कहा था, उन्हीं की बातों पर अमल करते हुए मैंने रावण दरबार का निर्माण करवाया है।

गजराज तंवर, सरपंच, किला अमरगढ़

सर, रावण ने कभी सीताजी को हाथ लगाया था क्या ? फिर वो कहां से गलत था।

मांगीलाल पंडा, राजगढ़

तीन आरोपियों ने मिलकर की वारदात, चौथे को रकम छिपाने में किया शामिल

50 लाख रुपए की चोरी कर कब्रिस्तान में गाड़े, फिर भी पुलिस से नहीं बच पाए आरोपी

एसपी ने किया खुलासा





- चोरी के मामले में 4 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई, 41 लाख नकद, एक अर्टिगा कार, दो मोटरसाइकिल व एक सब्बल जब्त
- रकम पहले घर और कब्रिस्तान में छिपाई, फिर अगले दिन तौसीफ के पास रखवाई, आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी आई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

विगत तीन दिन पहले 16 अक्टूंबर को नगर में हुई एक बड़ी चोरी का खुलासा पुलिस ने 72 घंटे के अंदर कर दिया है। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी खिलचीपुर (पुलिस) धर्मवीरसिंह नागर के नेतृत्व में थाना जीरापुर पुलिस द्वारा 50 लाख की सनसनीखेज चोरी का खुलासा करते हुए आरोपियों से 41 लाख नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस ने एक अर्टिगा कार, दो मोटरसाइकिल एवं एक सब्बल भी जप्त किया है।

पुलिस के मुताबिक फरियादी अब्दुल रईस पिता अब्दुल लतीफ, 51 वर्ष निवासी माताजी मोहल्ला, वार्ड क्रमांक 04, ने थाना जीरापुर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि जनवरी 2026 में उसने जीरापुर के खारपा रोड स्थित अपनी जमीन 70 लाख में बेची थी। उक्त सौदे में प्राप्त 50 लाख नकद उसने अपने घर में लकड़ी के दीवान में सुरक्षित रखे थे। इसमें 25 लाख काले कपड़े के बैग में तथा 25 लाख गत्ते के कार्टून में रखे हुए थे।दिनांक 15.10.2026 को फरियादी अपनी पत्नी रुबीना, बेटे मोहम्मद साद एवं बेटी सदफ के साथ सगाई के कार्यक्रम में शामिल होने पचपहाड़, मंडी (राजस्थान) गया था। दिनांक 16.10.2026 की रात्रि लगभग 01.15 बजे घर लौटने पर उसने देखा कि प्रथम तल पर स्थित कमरे का कुंडा टूटा हुआ था, ताला गायब था तथा कमरे का सामान अस्त-व्यस्त था। दीवान में रखे 50 लाख नकद गायब मिले। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना जीरापुर में अपराध क्रमांक 381/2026, धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

'पुलिस कार्रवाई एवं वारदात का तरीका'

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना जीरापुर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा मुखबिर तंत्र, सीसीटीवी फुटेज एवं स्थानीय स्तर पर प्राप्त सूचनाओं के आधार पर संदिग्धों की तलाश की। विवेचना के दौरान सामने आए तथ्यों के अनुसार आरोपियों ने फरियादी के घर की छत से प्रवेश किया। आसपास के मकानों की छतें आपस में जुड़ी होने का फायदा उठाकर वे घर के अंदर पहुंचे और दीवान में रखी नकदी चोरी कर ली।वारदात के बाद आरोपियों ने पुलिस को भ्रमित करने के उद्देश्य से नीचे का गेट खोल दिया तथा छत के रास्ते अपने घरों की छत की ओर लौट गए। पुलिस विवेचना में यह भी सामने आया कि चोरी की रकम को आरोपियों ने वारदात के बाद पहले अपने घर में और फिर कब्रिस्तान में छिपाया। अगले दिन चोरी की रकम अपने साथी तौसीफ के पास छिपाकर रखने के लिए दिया गया।

इन आरोपियों से सामान जब्त

-सोहेल पिता सलीम खान, 22 वर्ष, निवासी माताजी मोहल्ला, जीरापुर- 13 लाख नकद- एक अर्टिगा कार।एक सब्बल।

-फुजेल उर्फ फैजल पिता शहजाद खान, 21 वर्ष, निवासी माताजी मोहल्ला, जीरापुर13 लाख नकद- एक मोटरसाइकिल।

-असमत उर्फ समर लाला पिता बादशाह लाला, 23 वर्ष, निवासी माताजी मोहल्ला, जीरापुर13 लाख नकद।

-तौसीफ पिता शहजाद खान, 25 वर्ष, निवासी इमली स्टैंड, खिलचीपुर- 2 लाख नकद- एक मोटरसाइकिल।

इनकी रही सराहनीय भूमिका

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक हुकुमसिंह मीना, उप निरीक्षक जितेन्द्र अजनारे, उप निरीक्षक अरविंद राजपूत,उप निरीक्षक अरुण जाट, सहायक उप निरीक्षक शादाब खान, प्रधान आरक्षक फतेह सिंह सिसोदिया, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र झाला, प्रधान आरक्षक मंगलेश मीना, प्रधान आरक्षक गणेश धाकड़, प्रधान आरक्षक देवी सिंह दांगी, प्रधान आरक्षक श्यामसुंदर पाटीदार, आरक्षक रवि जाट, आरक्षक अशोक राहोरिया, आरक्षक रवीन्द्र जाट, आरक्षक विष्णु जाट, आरक्षक जुगल सिसोदिया, आरक्षक अनिल राठौर, आरक्षक ललित तोमर, आरक्षक अमित शर्मा एवं आरक्षक तुलसीराम दांगी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

जयकारों और पुष्पवर्षा के बीच निकाली चुनरी यात्रा, मां चामुंडा को ओढ़ाई चुनर

गिरीराज भक्त मंडल ने पहली बार चुनरी यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नवरात्रि के पावन पर्व पर गिरीराज भक्त मंडल के तत्वावधान में पहली बार चुनरी यात्रा निकाली गई। नगर के बस स्टैंड के समीप स्थित प्रसिद्ध चामुंडेश्वरी माता मंदिर से विधि-विधान से पूजा अर्चना कर चुनरी यात्रा की शुरुआत की गई।

चुनरी यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों गांधी बस्ती, बस स्टैंड, इंदर चैराहा, बुधवारिया बाजार एवं चोपड़ा बाजार सहित विभिन्न मार्ग से होकर पीपल्दा रोड़ स्थित प्राचीन चामुण्डा माता मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर चुनरी यात्रा का स्वागत किया। माता रानी के जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय हुआ। श्रद्धालु मां की भक्ति में लीन नजर आए।नगर भ्रमण के पश्चात चुनरी यात्रा पीपल्दा रोड स्थित चामुण्डा माता मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धापूर्वक माता रानी को चुनरी अर्पित की गई। चुनरी यात्रा में जनप्रतिनिधि एवं महिलाएं शामिल हुई।



मां दुर्गा की अलौकिक श्रृंगारित और भावपूर्ण झांकी ने मोहा भक्तों का मन

जीरापुर। नगर के विवेकानंद चैराहे पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी माँ नवदुर्गा मंडल समिति के द्वारा मां दुर्गा की आकर्षक एवं भावपूर्ण झांकी सजाई जा रही है।

जिसमें माता रानी के मनमोहक स्वरूप और प्रतिदिन होने वाले विशेष श्रृंगार के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो रहे हैं। झांकी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है।तथा प्रतिदिन अलग-अलग सामाजिक कार्यकर्ता सेवाभावी भक्त बड़ी संख्या में शामिल होकर आरती उतार कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे।इसी क्रम में शनिवार रात्रि को मां दुर्गा की महाआरती का आयोजन किया गया। आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ माता रानी की आराधना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।इस अवसर पर पंडित हरिश तिवारी ने मंत्रोच्चारण एवं विधि विधान से पूजा पं. रामबाबू शर्मा ने करवाई जहां आरती आयुष गुप्ता दुपाड़यि, तरुण पंडित, अक्षय जोशी, तन्मय जमींदार, अभिषेक भिलाला , घनश्याम भिलाला सहित प्रेस क्लब के सदस्य एवं श्रद्धालु ने उपस्थित होकर की।



नपाध्यक्ष गुर्जर ने बालागंज में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित मकान के गृह प्रवेश कार्यक्रम में सहभागिता की

मंदसौर। दशहरा पर्व पर नपा परिषद मंदसौर के द्वारा शासन के निर्देशानुसार बालागंज क्षेत्र वार्ड क्रमांक 16 में हितग्राही सम्पतबाई पति नन्दलाल के निवासस्थान पर केन्द्र की नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार के द्वारा प्रदत्त की गयी 2.50 लाख रू. की राशि से नवनिर्मित हुये मकान का गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने नये बने आवास का फीता काटकर उसमें हितग्राही परिवार को गृह प्रवेश कराया। इस अवसर पर नपा गरीबी उन्मूलन समिति सभापति रमेश ग्वाला, पत्रकार उमेश नेक्स, पार्षद गण सुनीता भावसार, सुनीता गुजरिया, समाजसेवी के.एल. नागोरे, विष्णु सुरा, नपा कर्मचारीगण अक्षय जैन, किशोर जाटव, पवन उपाध्याय, भुपेन्द्र सोलंकी, असलम मंसूरी, अंकित दुबे भी उप. थे।



नपा लोकनिर्माण सभापति चंदवानी ने उपकरणों की पूजा की

मंदसौर। विजयादशमी पर्व पर नपा की लोकनिर्माण शाखा के कर्मचारियों के द्वारा नपा कार्यालय की लोकनिर्माण शाखा में उपकरणों की पूजा का कार्यक्रम आयोजित किया गया लोकनिर्माण समिति सभापति निर्मला नरेश चंदवानी ने यहाँ पहुँच कर उपकरणों की पूजा की तथा प्रभु श्रीराम के चित्र की आरती की। इस अवसर पर नपा कर्मचारीगण हेमचन्द शर्मा, राजेन्द्र नीमा, जाकिर भाई, पंकज सांकी भी उपस्थित थे।

41 फीट ऊंचे रावण के साथ मेघनाथ व कुंभकर्ण का श्रीराम ने अग्निबाण चलाकर किया वध

अहम की अग्नि में धूं-धूं कर जले दशानन रावण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयादशमी पर्व नगर में हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। मां बगलामुखी मंदिर मार्ग पर तीर्थ यात्री सेवा सदन के समीप मैदान में 41 फीट ऊंचे रावण के पुतले के साथ मेघनाथ एवं कुंभकर्ण के 21 - 21 फुट ऊंचाई के पुतलों का भगवान श्रीराम द्वारा अग्निबाण चलाकर दहन किया गया। रावण दहन के दौरान मैदान में मौजूद हजारों लोगों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

राम, लक्ष्मण और हनुमान की निकली सवारी: विजयादशमी के अवसर पर नगर के किला रोड स्थित सांवलिया नाथ मंदिर से पूजा अर्चना के बाद आकर्षक साज-सज्जा के साथ सांयकाल 5.30 बजे नगर में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण एवं हनुमान को सुसज्जित रथ में विराजित कर की सवारी निकाली गई। सवारी के आगे आगे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक घोष बैंड, बिगुल वाहिनी, ध्वज वाहिनी एवं दंड वाहिनी के साथ अनुशासन बंध होकर कदमताल करते हुए चल रहे थे। नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई सवारी मां बगलामुखी मंदिर मार्ग पर स्थित तीर्थ यात्री सेवा सदन के पीछे वाले मैदान पर पहुंची। यहां परंपरानुसार पूजन-अर्चन के बाद रावण दहन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। दशहरा उत्सव के अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शस्त्र पूजन भी किया गया। इस दौरान तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव, थाना प्रभारी शशि उपाध्याय, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, सीएमओ मिनी अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। अधिकारियों ने विधि-विधान से प्रतीकात्मक रूप से शमी पौधे की पूजन के साथ भगवान राम लक्ष्मण हनुमान की पूजन आरती की गई वहीं शस्त्र पूजन कर परंपरा का निर्वहन किया।



रावण दहन से पूर्व आगरा तथा गुना से बुलाई गई रंगारंग आतिशबाजी का शानदार नजारा देखने को मिला। आसमान में रंग-बिरंगी रोशनी बिखरने के साथ ही मैदान तालियों और जयकारों से गूंज उठा। रावण, मेघनाथ तथा कुंभकर्ण के पुतलों का दहन होते ही लोगों ने उत्साह के साथ भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए।

राजेन्द्र विलास जीवागंज में श्री प्रत्यक्ष रत्नविजयजी करा रहे हैं श्रीपाल

मंदसौर। दिनांक 18 अक्टूबर से दिनांक 26 अक्टूबर तक राजेन्द्र विलास जीवागंज में 9 दिवसीय शाश्वत नवपदजी की ओली की धर्मआराधना हो रही है। प.पू. दादा गुरुदेव श्री राजेन्द्रसूरिजी म.सा. व पूज्य सम्राट श्री जयन्तसेनसूरिजी म.सा. के दिव्य आशीर्वाद एवं मंदसौर में चातुर्मास हेतु विराजित प.पू. जैन संत मुनिराज श्री प्रत्यक्षरत्नविजयजी म.सा. व श्री पवित्ररत्नविजयजी म.सा. आदि ठाणा 2 की पावन प्रेरणा व निश्रा में 9 दिवसीय शाश्वत नवपदजी की औली की धर्मआराधना त्रिस्तुतिक संघ व परमस्पर्श चातुर्मास समिति के द्वारा श्रावक श्राविकाओं को करायी जा रही है नवपदजी की ओली कराने का सम्पूर्ण लाभ मदनलालजी मोतीलालजी चपरोत परिवार ने लिया है। नवपदजी की ओली के अवसर पर प.पू. श्री प्रत्यक्षरत्नविजयजी के द्वारा प्रतिदिन प्रातः 9.15 से 10.30 बजे तक नवपदजी की ओली की महत्ता बताने वाले श्रीपाल रास (शास्त्र) का वाचन कराया जा रहा है कल नवपदजी की ओली के तृतीय दिवस धर्मसभा में आपने मैना सुन्दरी व श्रीपाल के जीवन की संघर्ष गाथा बताते हुए कहा कि मैना सुन्दरी को प्रभु पर अत्यधिक विश्वास होने के कारण उसके पिता ने बैर भावना रखते हुए कुष्ठ रोगी श्रीपाल से उसका विवाह कर दिया कुष्ठ रोगी श्रीपाल भले ही कुरुप था लेकिन वह राजपूत था अपने पिता की मृत्यु के बाद चाचा ने उसके राज्य को हड़प लिया था भाग्य के चक्र के कारण उसे कई कष्ट सहने पड़े मैना सुन्दरी से विवाह के बाद सिद्धचक्र की तपस्या अर्थात नवपद की आराधना की गयी फलस्वरूप कुरुप श्रीपाल स्वस्थ ही हुआ तथा उसे अपना खोया राज्य भी वापस मिल गया। नवपदजी की ओली का इतना जबर्दस्त प्रभाव है कि जो भी इसका तप करता है उसे पुण्य फल मिलता है।

प्राचीन एवं पारंपरिक खेल पिट्ठू की संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का भव्य समापन

मंदसौर प्रथम, देवास द्वितीय एवं नीमच तृतीय स्थान पर रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

प्राचीन एवं पारंपरिक खेल पिट्ठू को बढ़ावा देने, युवाओं में खेल भावना विकसित करने तथा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय, गांधी चौराहा, मंदसौर में प्रथम उज्जैन संभाग स्तरीय पिट्ठू प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग के विभिन्न जिलों से आए 136 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में मंदसौर ने प्रथम, देवास ने द्वितीय तथा नीमच ने तृतीय स्थान प्राप्त कर गौरव हासिल किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश पिछड़ा मोर्चा के कोषाध्यक्ष धीरज पाटीदार रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार लोकेश पालीवाल ने की। विशेष अतिथि के रूप में पार्षद प्रमिला गोयल, महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र दवे, सुरेश बोराना, मंदसौर जिला पिट्ठू एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल एवं जिला उपाध्यक्ष विजय कोठारी मंचासीन रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत गौरव अग्रवाल द्वारा किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धीरज पाटीदार ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल युवाओं के व्यक्तित्व विकास, अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को मजबूत बनाने का सशक्त माध्यम हैं। पिट्ठू जैसे पारंपरिक खेल हमारी सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ऐसे आयोजनों से इन खेलों को प्रोत्साहन मिलता है और ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार लोकेश पालीवाल ने कहा कि आधुनिक खेलों के साथ-साथ पारंपरिक खेलों को भी समान महत्व दिया जाना चाहिए। पिट्ठू जैसे खेल बच्चों और युवाओं में शारीरिक सक्रियता, आपसी सहयोग, एकाग्रता और खेल भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से हमारी पुरानी खेल परंपराओं को जीवित रखने में मदद मिलती है। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास करने और खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

खबर संक्षेप

किसानों ने जलाया विद्युत मंडल अधिकारियों के घमंड का रावण

सीहोर। विद्युत मंडल अधिकारियों की कथित लापरवाही के विरोध में किसान एवं समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में सीहोर जिले के 25 गांवों के किसानों ने अनोखे तरीके से विद्युत मंडल अधिकारियों के घमंड का 10 सिर वाला रावण बनाकर दहन किया। ढोल-नगाड़ों और हाथों में तख्तियां लेकर पहुंचे किसानों ने रावण के 10 सिरों पर अपनी 10 प्रमुख मांगें और विद्युत व्यवस्था से जुड़े सवाल लिखे। किसानों की प्रमुख मांग है कि खेतों में झूलते 11 केवी और एलटी बिजली के तारों से करंट लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हुए ग्राम बरबेली के किसान सतीश मेवाड़ा को 25 लाख रुपये मुआवजा और सरकारी नौकरी दी जाए। साथ ही, जिम्मेदार विद्युत मंडल अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाए। किसानों का आरोप है कि समय रहते शिकायत करने के बावजूद झूलते तारों और बिजली के खंभों को ठीक नहीं किया गया। इससे सतीश मेवाड़ा गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, ग्राम मोरिया की किसान महिला सुकनबाई मेवाड़ा की भी करंट लगने से मौत हो गई। एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में किसान पिछले चार माह से सीहोर सहित आसपास के क्षेत्रों में आंदोलन कर रहे हैं। किसान मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री, प्रभारी मंत्री, मानव अधिकार आयोग, महिला आयोग, पुलिस अधिकारियों और जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग कर चुके हैं। किसानों ने स्पष्ट कहा कि जब तक जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई नहीं होती और पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिलता, तब तक धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। जरूरत पड़ने पर भोपाल में भी आंदोलन करेंगे।

नगर में उत्साह और उमंग के साथ निकला ऐतिहासिक विजयादशमी का चल समारोह

नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ दशहरा मैदान तक पहुंचा जुलूस, राम-रावण युद्ध के बाद किया रावण के पुतले का दहन





विजयदशमी उत्सव समिति अध्यक्ष मोहित सोनी के नेतृत्व में मनाया दशहरा पर्व, परदेशीपुरा पर नगरपालिका ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

असत्य पर सत्य की जीत एवं अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक पर्व विजयादशमी के अवसर पर नगर में अभूतपूर्व उत्साह, उमंग और धूमधाम के साथ चल समारोह निकाला गया। दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष मोहित सोनी के नेतृत्व में चल समारोह भाऊबाबा मंदिर से प्रारंभ हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से बुधवारा , अस्पताल चौराहा,परदेशीपुरा, पुराना बस स्टैंड, पुरानी सब्जी मंडी, बड़ा बाजार, सिकंदर बाजार से होता हुआ पुराना दशहरा मैदान पहुंचा, जहां राम रावण का युद्ध हुआ फिर पुराने दशहरे मैदान पर रावण दहन किया गय। इसके बाद रथ में सवार राम लक्ष्मण नए दशहरे मैदान पहुंचे जहां, आकर्षण का केंद्र राम रावण का युद्ध रहा है इसके बाद 71 फिट के रावण का दहन हुआ!

नपा अध्यक्ष, विधायक ने किया स्वागत

परदेशीपुरा में नगरपालिका द्वारा मंच तैयार बनाकर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के नेतृत्व में चल समारोह में शामिल प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण, वीर हनुमान जी और लंकापति रावण की वेशभूषा धारण किए कलाकारों का श्रीफल भेंट कर तथा तिलक लगाकर स्वागत किया गया। वहीं विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, पूर्व विधायक रघुनाथसिंह मालवीय, दशहरा उत्सव समिति अध्यक्ष मोहित सोनी, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष नारायण भूरू मुकाती, सकल हिन्दू समाज अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाह सहित नगर के कई गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों और वरिष्ठजनों का साफा बांधकर भव्य स्वागत किया गया। इसके अतिरिक्त, नगरपालिका की ओर से अखाड़ा उस्तादों, बैंडबाजा के कलाकारों, भूतों की टोली और नृत्य कलाकारों का भी उत्साहवर्धन एवं स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर और नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विजयादशमी पर्व की बधाई दी एवं आपसी सौहार्द व सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इस अवसर पर नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, पार्षद कमलेश जैन, डॉ. सलीम खान, सुभाष नामदेव, पूर्व मार्केटिंग कृपालसिंह पटाड़ा, शिवनारायण मेवाड़ा, भगवतसिंह मेवाड़ा, द्वारकादादा सोनी, कैलाश पांचम, कुमेरसिंह मिट्ठूपुरा, प्रेमनारायण शर्मा, हरिनारायण शर्मा, उमेश शर्मा, पंकज यादव, प्रशांत शर्मा, शेषनारायण मुकाती, कैलाश बगाना, दिनेश सोनी, राहुल वाल्मिकी, अशोक साहू, नीलेश खंडेलवाल, बसंत पाठक, महेन्द्रसिंह ठाकुर, जगदीश खत्री, मनीष धारवां, पवन वर्मा, चेतन छाजेड़, गौरीशंकर राठौर, बंटी जायसवाल, राजा मेवाड़ा, मुकेश नामदेव, नितीन सोनी, गोविंद सोनी, पवन यादव, सुनील मेवाड़ा, ब्रजेश घेंघट, रतनसिंह मेवाड़ा, जुगलकिशोर मालवीय, रोहित तौमर, चेतन वर्मा, रोहित सेन, पूरणसिंह मेवाड़ा, वैभव मेवाड़ा सहित नगरपालिका के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे।

विजयादशमी पर विधि-विधान से हुआ शस्त्र पूजन



असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक विजयादशमी पर्व के अवसर पर आज आष्टा थाने में परंपरानुसार शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आष्टा विधायक श्री गोपालसिंह इंजीनियर ने विधि-विधान एवं वैदिक परंपराओं के अनुरूप शस्त्रों का पूजन कर देश, प्रदेश और क्षेत्र की सुख-समृद्धि,शांति एवं सुरक्षा की कामना की। शस्त्र पूजन के अवसर पर एसडीओपी श्री दामोदर गुप्ता, नगर निरीक्षक श्री रमनसिंह ठाकुर, भाजपा के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती, नगर भाजपा अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया सहित आष्टा थाने का समस्त पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा। आष्टा थाने में आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम ने भी इसी संदेश को दोहराया कि समाज की सुरक्षा, शांति और कानून के सम्मान के लिए शक्ति के साथ जिम्मेदारी,अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का होना आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि पुलिस विभाग इसी समर्पण, सजगता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ नगरवासियों की सेवा करता रहेगा।

बुराई पर अच्छाई का प्रतीक दशहरा: कैलाश परमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विजयदशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देने वाला त्यौहार है।भगवान राम ने अपने मर्यादित जीवन से रावण जैसे अहंकारी का नाश कर अच्छाई का संदेश दिया। विजयदशमी का त्यौहार हमें आत्मचिंतन एवं आत्म अवलोकन का संदेश देता है। उक्त आशय के उद्गार पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने विजयदशमी चल समारोह के स्वागत कार्यक्रम में व्यक्त किये। उहैरतअंगेज कारनामे दिखाते अखाडा उस्तादों के साथ साथ जुलूस में शामिल नवदुर्गा उत्सव समितियों के पदाधिकारियों तथा विजयादशमी उत्सव समिति के अध्यक्ष मोहित सोनी, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष भुरू मुकाती, सकल हिन्दू समाज के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह और प्रमुख जनप्रतिनिधियों तथा समाज के गणमान्य नागरिकों का स्वागत भी परमार मित्र मंडल द्वारा किया गया। कैलाश परमार मित्र मंडल ने अलीपुर विजय दशमी उत्सव समिति अध्यक्ष पार्षद राजकुमार मालवीय, अलीपुर हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष मनोहर वर्मा, राजेश ठाकुर का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रभु प्रेमी संघ महासचिव प्रदीप प्रगति, पूर्व पार्षद शैलेश राठौर, पूर्व पार्षद सुभाष नामदेव, नरेंद्र पोरवाल, अभिषेक सुराना, सुरेंद्र परमार एडवोकेट, वीरेंद्र परमार एडवोकेट, पल्लव प्रगति एडवोकेट, राज परमार, संतोष मालवीय, महेश मेवाड़ा आदि ने भी स्वागत किया।

खेड़ापति हनुमान मंदिर में उमड़ी भक्तों भीड़ दशमी पर माता की प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मंगलवार को विजयदशमी पर्व पर माता रानी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

शहर में सुबह से ही माता रानी के पंडालों में पूजा-अर्चना हुई। इसके बाद ढोल-नगाड़ों के साथ प्रमुख मार्गों से जुलूस निकाले गए। ये जुलूस पार्वती नदी किनारे स्थित सर्वधर्म कुंड पहुंचे। यहां विधि-विधान से सभी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। बड़ी प्रतिमाओं को विसर्जित करने के लिए क्रेन की मदद ली गई। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के इंतजाम किए थे। नगर पालिका की गोताखोर की टीम भी तैनात रही। थाना पार्वती प्रभारी हरि सिंह परमार अपनी टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे। विजयदशमी पर्व पर शहर के कई स्थानों पर कन्या भोजन और भंडारे का आयोजन हुआ। नगर वासियों ने खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की।

शहर के प्राचीन और ऐतिहासिक खेड़ापति हनुमान मंदिर में सुबह पांच बजे हनुमान जी की विशेष पूजा आरती हुई इस दौरान हनुमानजी का विशेष श्रृंगार किया गया और प्रसाद बांटी गई, प्रतिवर्ष अनुसार इस बार भी हजारों की संख्या में हनुमान जी के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। वही खेड़ापति तालाब स्थित खोखर माता के दरबार में भी प्रसादी बांटी गई , बंजारी धाम माता के दरबार में अध्यक्ष गजेंद्र मालवीय के नेतृत्व में सुबह से दोपहर तक भंडारे का आयोजन किया गया। यहां 12000 से अधिक क्विंटल प्रसादी का भोग लगाया गया था। अन्य माता रानी के दरबार में भी कन्या भोजन और भंडारे हुए।

माता को पांच क्विंटल महाप्रसादी का लगाया भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



नगर मे नवरात्रि के पर्व के अंतिम दौर मे महाआरती के आयोजन हो रहे है। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी माँ महिषासुर मर्दिनी माता मंदिर मे रविवार को महाअष्टमी के अवसर पर महाआरती का आयोजन रखा गया। जिसमे महिला-पुरूष, श्रद्धालु-भक्तजन हजारो की सख्या में शामिल हुए। महाआरती शाम 7:30 बजे प्रारंभ हुई जो लगभग एक घंटे तक चली इस दौरान तासे, ढोल-ढमाके, नगाढे, घंटी की ध्वनि से नगर गुंजामय हो गया। माता का विशेष श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई।

पूरा मंदिर परिसर से लेकर गांधीचौक तक विशेष रूप से साज-सज्जा की गई। इसके पश्चात महाप्रसादी का महाभोग लगाकर महाप्रसाद वितरण किया गया। महाआरती में नगर सहित क्षेत्र के हजारो श्रद्धालु उपस्थित थे। इस वर्ष 5 क्विंटल प्रसाद बनाया गया था। महाप्रसादी का वितरण रात्रि 12 बजे तक चला। महाअष्टमी के अवसर पर आयोजित महाआरती पर सम्पुर्ण मंदिर परिसर को सजाया गया। मंदिर परिसर में साज सज्जा आर्कषक का केन्द्र बनी। वहीं रविवार शाम को प्राचीन माता मंदिर में हुई आयोजित महाआरती को सफल बनाने मे सहयोग प्रदान करने पर महाआरती समिति एवं मॉ महिषासुर मर्दिनी शक्ति संगठन ने सभी श्रद्धालुओ एवं कार्यकर्ताओ व प्रशासनिक अधिकारी सहित पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया। नगर के प्राचीन माता मंदिर में महाआरती के दौरान क्षेत्रिय विधायक गोपालसिंह इंजीनियर भी उपस्थित हुए। इस दौरान समिति के लोगो ने मंदिर के जिर्णोद्धार के लिए एक मांग पत्र सोपा। विधायक श्री इंजीनियर द्वारा 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। इस दौरान समिति के लोगो द्वारा विधायक एवं देवलाखन धाम के मांगीलाल पडियार का भी समिति द्वारा स्वागत किया गया।

कांग्रेस कमेटी ने बस स्टैंड पर किया विरोध प्रदर्शन

सीहोर। विजयादशमी के अवसर पर बुराई के प्रतीक रावण दहन की तर्ज पर सीहोर जिला कांग्रेस कमेटी ने स्थानीय बस स्टैंड पर विरोध प्रदर्शन करते हुए ज्ञानेश कुमार का रावण रूपी पुतला दहन किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित इस प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कथित चंदा चोरी तथा वोट चोरी के मुद्दे को लेकर विरोध जताया और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग उठाई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने इलेक्टोरल बॉन्ड एवं राजनीतिक चंदे से जुड़े मामलों और चुनावी अनियमितताओं को लेकर सवाल उठाए। भ्रष्टाचार के विरोध में कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा।

विकसित खेड़ापति लोक का हुआ लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के इतिहास में पहली बार और वर्षों के लंबे अंतराल के बाद, नगरपालिका द्वारा एक ऐतिहासिक सौगात देते हुए प्राचीन खेड़ापति कमल तालाब का भव्य सुदृढ़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कर 'खेड़ापति लोक' का विकास किया गया है। इस ऐतिहासिक परियोजना के तहत भव्य एवं आकर्षक तोरण द्वार, चौड़ी, सुगम सड़कें, सुरक्षा और सुंदरता के लिए रेलिंग, पाल की सुव्यवस्थित पिचिंग, पेवर्स ब्लॉक स्थापना और आधुनिक विद्युतीकरण के कार्य संपन्न कराए गए हैं। इन सभी निर्माण कार्यों को पूरा करते हुए एक अत्यंत भव्य 'खेड़ापति कॉरिडोर' नगर को समर्पित किया गया है, जिसका आज भव्य लोकार्पण संपन्न हुआ। खेड़ापति कमल तालाब के सौंदर्यीकरण कार्यो का लोकार्पण सीतानारायण मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य एवं नगर के इतिहासकार एवं वरिष्ठ पत्रकार सुधीर पाठक, खेड़ापति मंदिर के पुजारी महेश गिरी गोस्वामी, नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष अंजनी चौरसिया, पार्षदगण तेजसिंह राठौर, सुभाष नामदेव, कमलेश जैन, अरशद अली, रवि शर्मा, तेजपाल कल्लू मुकाती, जिला पंचायत उपाध्यक्ष जीवनसिंह मंडलोई, पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष कृपालसिंह पटाड़ा, जिला उपाध्यक्ष रूपेश राठौर, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ऋतु जैन की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति, वरिष्ठ पत्रकार नरेन्द्र गंगवाल, सुशील संचेती, दिनेश शर्मा, किरण रांका, राकेश बैरागी, अक्षत पाठक सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण मौजूद थे।

मां अंबे की महाआरती के बाद नगर में हुआ विशाल भंडारा

अंतिम दिन गरबा-डांडिया रास में भक्ति में लीन हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण की महाप्रसादी अंतिम दिवस गरबा-डांडिया रास में भक्ति में लीन हुए श्रद्धालु महिदपुर रोड नगर में शारदीय नवरात्रि महापर्व श्रद्धा भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया। नौ दिनों तक नगरवासी मां अंबे की आराधना में लीन रहे। नगर के प्रमुख आस्था एवं श्रद्धा के केंद्र मां नवदुर्गा मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन कर धर्मलाभ प्राप्त किया। वहीं, प्रतिदिन गरबा एवं डांडिया रास के माध्यम से माता रानी की आराधना कर श्रद्धालुओं ने नवरात्रि पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया। नवमी के पावन अवसर पर मां अंबे की महाआरती का मंगलकारी लाभ प्रताप सिंह गुर बब्बू भैया एवं गुर परिवार को प्राप्त हुआ। गुर परिवार ने सपरिवार मां अंबे के दरबार में पहुंचकर विधि-विधान से महाआरती की तथा धर्मलाभ प्राप्त किया। गुर परिवार विगत कई वर्षों से नवमी के दिन सपरिवार मंदिर पहुंचकर मां अंबे की आरती करने की परंपरा निभाता आ रहा है। इसके साथ ही गुर परिवार द्वारा विगत अनेक वर्षों से मंदिर परिसर में निःशुल्क विद्युत सज्जा करवाई जाती है तथा मंदिर को आकर्षक फूलों से सजाया जाता है। मां अंबे के प्रति गुर परिवार की गहरी आस्था, श्रद्धा एवं समर्पण का यह अनुकरणीय उदाहरण है।

कन्या भोज के बाद हुआ भंडारा

नवमी के अवसर पर शाम 5 बजे कन्या भोज के पश्चात विशाल भंडारे का शुभारंभ हुआ, जो प्रभु इच्छा तक चलता रहा। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर महाप्रसादी ग्रहण की। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह एवं धार्मिक उल्लास देखने को मिला। मां अंबे के जयकारों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। नगर के सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार सचिन भंडारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर श्री सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा मंदिर में सेवा देने वाले सेवादारों का सम्मान किया गया। समिति ने सेवादारों के सेवाभाव एवं समर्पण की सराहना करते हुए उनके योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया।

अंतिम दिवस गरबा

नवरात्रि के अंतिम दिवस रात्रि में पंचायत परिसर एवं माता रानी के दरबार में भव्य गरबा एवं डांडिया रास का आयोजन किया गया। इसमें नगर की माता-बहनों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सुमधुर धार्मिक भजनों की धुन पर श्रद्धालु गरबा-डांडिया करते हुए मां अंबे की भक्ति में लीन नजर आए। पूरे आयोजन ने नगर में धार्मिक उल्लास एवं भक्तिमय वातावरण निर्मित कर दिया।